राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मेंहदीपुर बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव समारोह में भाग लिया, राम – कथा का शुभारंभ किया और कथा सुनी

हनुमान के जीवन चरित्र से प्रेरणा लें– राज्यपाल

जयपुर, 22 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को मेहंदीपुर बालाजी में हनुमान जन्मोत्सव समारोह में भाग लिया। वह वहां विशेष फूल बंगला झाकी में सम्मिलित हुए। उन्होंने इस अवसर पर ष्राम कथाष् का शुभारंभ किया।

राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि हनुमान जीवंत देवता है। उन्हें अमरत्व का वरदान मिला हुआ है। अष्ट सिद्धियां और नव निधियां प्राप्त हनुमान शक्ति एवं साहस के प्रतीक हैं। उनकी आराधना से व्यक्ति अपने भीतर स्वयमेव ऊर्जा का अनुभव करता है।

श्री मिश्र ने कहा कि हनुमान जी सारे जगत में अपने स्वामी प्रभु श्री राम का ही संदेश सुनाते है। सुंदरकांड में उन्होंने हर स्थान पर अपना परिचय अपने नाम के स्थान पर श्री राम दूत के रूप में ही दिया है।

मेहंदीपुर बालाजी के महंत डॉ. नरेशपुरी ने भी राज्यपाल श्री मिश्र का अभिनंदन किया। उन्होंने ट्रस्ट की समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी।